मानव विकास रिपोर्ट (Human Developement Report- HDR)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/human-developement-report-hdr

- हाल ही में **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)** द्वारा जारी मानव विकास रिपोर्ट, 2020 के अंतर्गत मानव विकास सूचकांक (HDI), 2019 में शामिल कुल 189 देशों में **नॉर्वे को प्रथम, जबकि आयरलैंड और स्विट्ज़रलैंड को क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान** प्राप्त हुआ है। एच.डी.आई. में मानव विकास के तीन बुनियादी पहलुओं- जीवन प्रत्याशा, शिक्षा और औसत प्रतिव्यक्ति आय के आधार पर एच. डी. आई. मूल्य का निर्धारण किया जाता है।
- सूचकांक में **भारत** पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान खिसककर **131वें** स्थान पर आ गया है। भूटान (129), बांग्लादेश (133), नेपाल (142) और पाकिस्तान (154) की तरह **भारत मध्यम मानव विकास वाले देशों की श्रेणी में शामिल** है। ब्रिक्स समूह में, रूस 52वें, ब्राज़ील 84वें और चीन 85वें स्थान पर है।
- वर्ष 2019 में,भारत की सकल राष्ट्रीय आय (प्रतिव्यक्ति क्रय-शक्ति समता -PPP के आधार पर) 6,681 डॉलर हो गई है। साथ ही, भारत का एच.डी.आई. मूल्य 0.645 है। 1990 से 2019 के बीच भारत के एच.डी.आई. मूल्य में 50.3% की वृद्धि हुई है।
- यू.एन.डी.पी. ने पहली बार प्लैनेटरी प्रेशर एडजस्टेड एच. डी. आई. (Planetary Pressures-adjusted HDI, or PHDI) के रूप में नई मीट्रिक प्रणाली की शुरुआत की है, जिसके आधार पर रैंक का निर्धारण करने पर भारत रैंकिंग में आठ स्थान ऊपर बढ़ जाएगा।
- पी.एच.डी.आई. प्रत्येक देश के प्रतिव्यक्ति कार्बन उत्सर्जन और उसके भौतिक पदचिह्न के कारण होने वाले प्रभावों को दर्शाने के लिये वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्माण में प्रयुक्त जीवाश्म ईंधन, धातुओं व अन्य संसाधनों की मात्रा को मापता है।

« »

- SUN
- MON
- TUE
- WED
- THU
- FRI
- SAT

-
-
- 01
- 02
- 03

- 04
- 05
- 06
- 07
- 08
- 09
- 10
- 11
- 12
- 13
- 14
- 15
- 16
- 17
- 18
- 19
- 20
- 21
- 22
- 23
- 24
- 25
- 26
- 27
- 28
- 29
- 30
- 31
-
-